# सरला बिरला पब्लिक स्कूल
## महिलौंग, राँची

पैरेन्ट ऑरिएन्टेशन पत्र (2024-25)

कक्षा–NURSERY, KG I & KG II

Ref.: SBPS/23-24/2171 Date: 20.03.2024

नए सत्र 2024–25 के लिए कुछ महत्वपूर्ण और ध्यान देने योग्य बातें:–

1. कक्षा– Nursery, KG I एवं KG II के लिए नए सत्र की शुरूआत **01.04.2024** को होगी।
   समय – आगमन:–**8:55 am,** प्रस्थान:–**2:45 pm.**
2. **नये विद्यार्थियों** के अभिभावक **27.03.2024** को ओरिएन्टेशन सेशन के लिए स्कूल आएँगे। समय: **11:00 am**
3. कृपया बच्चों की सभी पुस्तकें, कॉपियाँ तथा कपड़े का एक अतिरिक्त सेट पैकेट में उचित नाम लिखकर स्कूल में जमा करें। आपका सहयोग बहुत ही सराहनीय होगा। कृपया नीचे दी गयी समय सारिणी का पालन करें–
   दिनांक– **30.03.2024** समय: **09:00 am - 12:00 pm**
4. प्रत्येक बच्चे को दो पहचान पत्र दिए जाएँगे– 1. विद्यार्थी पहचान पत्र 2. अभिभावक पहचान पत्र
   जो भी व्यक्ति बच्चे को स्कूल या बस स्टॉप पर लेने आएँ उनके पास अभिभावक पहचान पत्र होना जरूरी है। यह आपके बच्चे की सुरक्षा के लिए जरूरी है। कृपया बच्चे को या उनके बैग में अभिभावक पहचान पत्र न दें। अगर किसी कारण से यह खो जाता है तो क्लास टीचर या स्कूल ऑफिस में सूचित करें। 150/– जमा करने के बाद दूसरा पहचान पत्र लिया जा सकता है।
5. सरला बिरला पब्लिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चे को आत्मनिर्भर बनाना है। हमारा आपसे अनुरोध है कि अपने बच्चे को ऐसा बैग दें जिसे लेकर वो आराम से चल सकें। पानी की बोतल पारदर्शी, हल्की एवं छोटी हो एवं उसमें स्ट्रैप लगा हो जिसे बच्चा आराम से बिना किसी सहायता के उपयोग में ला सके।
6. कृपया सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे का बैग टाइम टेबल के अनुसार व्यवस्थित है। बच्चे शिक्षकों द्वारा बताई गई पुस्तकें ही लेकर आएँ। अपने बच्चे को किसी भी प्रकार की धारदार वस्तु जैसे– शार्पनर, ब्लेड, कैंची, चाकू इत्यादि लाने की अनुमति न दें।
7. नाश्ते का समय एक महत्वपूर्ण सामाजिक अनुभव है इसलिए यहाँ स्कूल में इसको एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। हरी सब्जियों को प्राथमिकता दें। बच्चे को ऐसा टिफिन बॉक्स दें जिसे वह आसानी से खोल सके और साथ में **दो नैपकिन**, एक चम्मच एवं काँटा भी दें। अगर आपके बच्चे को किसी भी खाने की वस्तु से एलर्जी है तो हमें सूचित करें। लंच बॉक्स में खाने की वस्तु आवश्यक्ता से अधिक नहीं दें, उतना ही दें जितना आपका बच्चा खा सके। हम निम्न फूड चार्ट की अनुशंसा करते हैं।
   लॉंग ब्रेक–
   सोमवार – डोसा/चीला/इडली/ढोकला
   मंगलवार– पूरी/भरवाँ पराठा + हरी सब्जी
   बुधवार– सैंडविच + केक/ पराठा + हरी सब्जी
   गुरूवार– वेजीटेबल/पनीर रोल + मेवे
   शुक्रवार– पाव भाजी + मिठाई
   शॉर्ट ब्रेक– मौसमी फल, अंकुरित अनाज एवं मेवे
8. अपने बच्चे को कोई भी महँगा आभूषण पहनाकर स्कूल नहीं भेजें।
9. कृपया आकर्षक और महँगी वस्तुएँ स्कूल न भेजें। (खिलौने, महँगे पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स इत्यादि)
10. सरला बिरला पब्लिक स्कूल का प्रत्येक बच्चा शैक्षणिक वर्ष के दौरान आयोजित स्कूली कार्यक्रमों में भाग लेगा। बच्चे के विकास के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है एवं इससे उनमें आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है।
11. भाषा की शुरूआत घर से होती है। अपने बच्चे को सही ढंग से बातचीत करने और सुनने की कला सिखाएँ। बच्चों में पुस्तकें पढ़ने की इच्छा जागृत करने के लिए आवश्यक है कि उन्हें घर पर आसान तरीके से पढ़ने का अभ्यास कराया जाए। यह एक लंबी प्रक्रिया है लेकिन बच्चों में पढ़ने की यह आदत उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगी।
12. स्कूल डायरी में एक अवकाश सूची दी गई है। कृपया इसे ध्यान से देखें। किसी भी घोषित 'बंद' के दौरान कक्षाएँ स्थगित रहेंगी एवं इसकी सूचना आपको SMS या नोटिस के द्वारा दी जाएगी।
13. अपरिहार्य कारणों (बंद, अत्यधिक गर्मी, ठंड आदि) से स्कूल बंद होने वाले दिनों में छात्रों की वर्चुअल कक्षाएँ हो सकती हैं।
14. PTM में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि यह आपके बच्चे की शैक्षणिक तथा सह–शैक्षणिक प्रगति से आपको अवगत कराता है। PTM के दिन आपके बच्चे को स्कूल यूनिफॉर्म पहनना अनिवार्य है।
15. अगर आपका बच्चा बीमार है तो उसे स्कूल न भेजें। इससे उसकी बीमारी और अधिक बढ़ सकती है। यदि आपका बच्चा स्कूल में अस्वस्थ महसूस करता है तो आपको सूचित किया जाएगा। दिन की उपस्थिति के पात्र होने के लिए, बच्चे को मध्यान्तर तक स्कूल में रहना होगा।
16. सत्र की शुरूआत में आपको पूरे सत्र में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। यह आपको घर पर स्कूल के काम को सुदृढ़ करने में मदद करेगा। कृपया इसे संभाल कर रखें और नियमित रूप से देखें।
17. पूरे सत्र में छह पीरिऑडिक टेस्ट होंगे, जिसका विवरण डायरी में दिया गया है। कृपया दिए गए पाठ्यक्रम का पालन करें।
18. कृपया समय–समय पर अपने लिए भेजे गए सर्कुलर को पढ़ें तथा उनका अनुसरण करें। हमारे यहाँ नोटिस एसएमएस, गूगल क्लासरूम अथवा इमेल के जरिए भी भेजे जाते हैं इसलिए कृपया अपना सही मोबाइल नंबर एवं इमेल आइडी स्कूल को दें एवं फोन किए जाने पर तुरंत जवाब दें।

आपसे आपका बच्चा बहुत कुछ सीखता है। आपके बच्चे की देखभाल आपसे अच्छा कोई और नहीं कर सकता। स्कूल बच्चे का दूसरा घर होता है। बच्चे के संपूर्ण विकास में माता–पिता एवं शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

स्कूल की आपसे अपेक्षाएँ:–

1. कृपया सभी पुस्तकों और कॉपियों को कवर करें और पुस्तक सूची के अनुसार उनपर नाम अंकित करें।
2. अपने बच्चे के सभी सामान पर नाम अंकित करें। (बैग, पेंसिल बॉक्स, बोतल इत्यादि)
3. कृपया यह ध्यान रखें कि आपका बच्चा नियमित रूप से स्कूल डायरी लेकर स्कूल आए। कृपया स्कूल डायरी रोज देखें एवं उसपर हस्ताक्षर करें।
4. कृपया स्कूल डायरी में दिए गए नियमों को ध्यान से पढ़ें और इन्हें पूरा करें।
5. छात्र के प्रोफाइल में बार–बार बदलाव ना करें। यदि यह आवश्यक हो तो स्कूल डायरी में दिए गए फॉरमैट का पालन करें।
6. छुट्टी के लिए और बस नंबर या बस स्टॉपेज में बदलाव के लिए स्कूल डायरी में दिए गए फॉरमैट का पालन करें।
7. सत्र के बीच में बस सुविधा प्राप्त करने तथा वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।
8. अपने बच्चे की डायरी में अनुपस्थिति रिकार्ड नियमित रूप से भरें।
9. कृपया बच्चे को साफ–सुथरे यूनिफार्म में स्कूल भेजें। छात्रों को प्रतिदिन आईडी कार्ड लाना अनिवार्य है।
10. कहानियाँ पढ़ना तथा सुनना दोनों ही बच्चे के विकास के लिए आवश्यक है। अपने बच्चे को उत्साह के साथ कहानियाँ सुनाएँ। उनसे महान व्यक्तियों के बारे में बात करें। पंचतंत्र की कहानियों और अन्य दूसरी नैतिक कहानियों के बारे में बच्चों को बताएँ।
11. सहयोग करना एक अच्छा संस्कार है जो स्कूल के दिनों में विकसित होता है। अपने बच्चों को उनकी पढ़ी हुई नैतिक व प्रेरक कहानियों से संबंधित किताब देकर भेजें, जिसे वे अपने सहपाठियों से साझा करेंगे।
12. अपने बच्चों को सरल और मिलनसार बनाएँ। बच्चे के जन्मदिन पर उनके सहपाठियों और शिक्षकों के लिए टॉफी भेजें, या आप एक पौधा भी भेज सकते हैं जो स्कूल में लगाया जाएगा। कृपया शिक्षकों एवं सहपाठियों के लिए कोई उपहार न भेजें।
13. जब आपका बच्चा किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग कर रहा हो तो सतर्क और सावधान रहें। आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चा उपकरण का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से और एक निश्चित समय सीमा के भीतर कर रहा है। उन्हें बातचीत में शामिल करें। उन चीज़ों के बारे में बात करें जो आप देखते और करते हैं। उनके विचारों को जानें और अपनी राय साझा करें। आप अपने बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर नज़र रखने/जाँच करने के लिए 'गूगल फैमिली लिंक' जैसे पैरेंट कंट्रोल ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं।
14. परीक्षा के दौरान पूर्व सूचना के बिना कोई भी अवकाश पूर्णतः प्रतिबंधित है। दोबारा परीक्षा नहीं ली जाएगी। चिकित्सा कारण से छुट्टी के मामले में आवेदन के साथ डॉक्टर के प्रेस्क्रिप्शन एवं पैथोलॉजिकल रिपोर्ट की प्रतिलिपि संलग्न करें।
15. बच्चों के सामने स्कूल, शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन की आलोचना न करें बल्कि सकारात्मक सोच के साथ बच्चों की सफलता के लिए मंच तैयार करें।
16. अपने बच्चे को अपना काम स्वयं करने के लिए प्रेरित करें जैसे वॉशरूम जाना, हाथ धोना, बटन एवं जिप खोलना एवं लगाना, स्वेटर पहनना, स्नैक्स पैकेट खोलना, अपना नाम पहचानना इत्यादि।
17. अपने बच्चे की खूबियों को पहचानें। अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और उनकी कमजोरियों को दूर करने में उनकी सहायता करें।
18. सरला बिरला पब्लिक स्कूल एक नियमित अंतराल पर PTM आयोजित करता है। इस अवसर का लाभ उठाएँ व बच्चों को बताएँ की स्कूल एक ऐसी शानदार जगह है जहाँ सीखने के लिए ढेरों अवसरों के साथ अच्छे लोगों की भरमार है।
19. बच्चों को प्रोत्साहित करें कि उनकी उपस्थिति शत–प्रतिशत हो। प्रत्येक महीने में न्यूनतम 85% उपस्थिति अनिवार्य है।
20. आपके विचार हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। अपने बच्चे की पढ़ाई से संबंधित कोई भी विचार स्कूल डायरी के माध्यम से हम तक पहुचाएँ। आप किसी भी बुधवार (7:30 am to 8:30 am) को क्लास टीचर से मिलने आ सकते हैं।
21. आप रिसेप्शन (**9507035717, 9507035987**) पर फोन करके अथवा इमेल (info@sbpsranchi.com) के माध्यम से भी अपने विचार स्कूल तक पहुँचा सकते हैं।
22. जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से आप अपने बच्चे के बस की यथापूर्व स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसका पूर्ण विवरण दिए गए प्रवेश किट में प्रदान किया जाएगा।
23. विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए चाईल्ड ऐप-**गवAAक्ष** उपलब्ध कराया गया है जिसके द्वारा आप अपने बच्चे से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अंतर्गत शुल्क भुगतान तथा प्रोफाइल आदि जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गवाक्ष ऐप डाउनलोड करने के लिए कृपया स्कूल की वेबसाइट **www.sbpsranchi.com** पर जाएँ।

**प्राचार्या**